### एक नजर में

## स्व . पांडे की पत्रकारिता को हमेशा याद रखा जाएगा



**नागदा (धार)।** आम जनमानस की समस्याओं व सच्ची पत्रकारिता के लिए पाण्डे को हमेशा याद रखा जाएगा ।आपकी 45 वर्षों की पत्रकारिता ने हमेशा कलम की महत्ता को ऊँचाई प्रदान की।आपका अनायास जाना पत्रकारिता जगत के लिए ब?ी क्षति है।हम सब मिलकर उनके आदर्श विचारों को हमेशा जीवित रखे, यह उनके लिए सच्ची श्रद्धांजली होगी।उक्त बातें विश्राम गृह नागदा पर मंगलवार को दिवंगत पत्रकार पं. शीतलप्रसाद पाण्डे को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए निवृत्तमान अध्यक्ष अनोखीलाल राठौड़ ने कही। उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने श्री पाण्डे के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। जहां प्रेस क्लब सदस्यों द्वारा आगामी 2 वर्षो के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मार्गदर्शक विजय कोठारी, अध्यक्ष संतोष जायसवाल, उपाध्यक्ष अशोक सोलंकी, सचिव अनवर मंसुरी, कोषाध्यक्ष सोहनलाल राठौ?, वहीं अनोखीलाल राठौ?, नितिन साँखला, समंदरसिंह कछवाया, जितेन्द्र भाटी, गणेश प्रजापत, अमन पाण्डे सदस्य के रूप में शामिल किये। आगामी आयोजन व नवीन सदस्य जोड़ने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

## गायत्री शक्तिपीठ मनावर में संपन्न हुआ सामूहिक शिवाभिषेक

**मनावर** -गायत्री शक्तिपीठ मनावर में श्रावण मास के शुभ अवसर पर सामूहिक शिवाभिषेक संपन्न हुआ शक्तिपीठ पर पिछले तीन सालों से श्रावण मास के शुभ अवसर पर सावन के प्रत्येक सोमवार में शिव अभिषेक का सामूहिक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी शिव भक्तों के कल्याण के लिए शिव अभिषेक कर स्वयं के शांति ,आनंद की अनुभूति एवं पुण्य का लाभ शिव अभिषेक के माध्यम हो सके, परिजनों को संगठित करने और अनीति से लोहा लेने एवं समाजनिष्ठ बने रहने की अपील के साथ धर्म की सेवा के लिए प्रेरित कर भगवान शिव के आराधना का विशेष क्रम चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य भगवान शिव को विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक पदार्थ के साथ ही जलाभिषेक कर शिव जी को तृप्त करते हुए शिवजी की शक्ति के लिए आराधना की जा रही है , शिव अभिषेक एक शक्तिशाली एवं धार्मिक अनुष्ठान है जिसके माध्यम से मनुष्य जीवन में सकारात्मक परिवर्तन होते हैं शिव अभिषेक के इस धार्मिक प्रयोजन में गायत्री परिवार ,पटेल कॉलोनी समेत संपूर्ण नगर परिवार के साथ मिलकरअभिषेक कर तन मन धन एवं अंतरण को शुद्ध पवित्र कर शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति एवं धार्मिक प्रवृत्तियां जागृत कर स्वयं के कल्याण के साथ ही संपूर्ण मनोकामनाओं की पूर्ति तथा विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना कर रहे ,कार्यक्रम में गायत्री परिवार तथा कॉलोनी के एवं नगर के शिव भक्त शामिल हुए गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट प्रबंधक श्री योगेश जी मालवीय द्वारा शिव अभिषेक का विशेष प्रबंध किया गया है ताकि इस पवित्र श्रावण मास में सभी नगरवासी तक अभिषेक का लाभ पहुंचाया जा सके। शिव अभिषेक गायत्री शक्तिपीठ के परिव्राजक पंडित राकेश जी पुरोहित द्वारा वैदिक पद्धति एवं ऋषि परंपराओं के साथ संपन्न कराया जा रहा है।

## प्रधान अध्यापक डावर को भावभीनी विदाई


**बाग** - एकीकृत शाला शासकीय माध्यमिक विद्यालय झिरपंया की प्रधान



अध्यापक लीला डावर का स्थानतरण होने पर संस्था के स्टाफ ने सोमवार को शाला परिसर मे विदाई समारोह आयोजित किया जिसमे स्टाफ एवं शाला के समस्त विधार्थियों ने उन्हे भावभीनी विदाई दी ।इस दौरान स्टाफ सहित सभी स्कूली छात्र छात्राओ ने श्रीमती डावर का पुष्हारो से स्वागत करते हुए संस्था के स्टाफ की एक तस्वीर भी भेट की ।ज्ञात हो की श्रीमती लीला डावर 12 वर्षो से ग्राम झिरपंया की माध्यमिक शाल मे पुरी इमानदारी ओर लगन के साथ अपनी सेवा दे रही थी जिनका स्थानतरण अलीराजपुर जिले बड़ागुड़ा गांव मे हुआ है ।संस्था की शिक्षिका श्रीमती संगीता कटारे उनकी विदाई पर उन्हे शुभकामनाएं बधाई देते हुए कहा की श्रीमती डावर हमारी प्रधान बनकर नही हमारे परिवार के सदस्य बनकर हमे हर समय अपना मार्गदर्शन देती रही उनके इतने लम्बे कार्यकाल मे कभी यह महसुस नही हुआ की हम नोकरी कर रहे हे या घर परिवार मे रह रहे है ।उनकी सालीनता सरल व्यवहार उनके स्वाभाव से सभी प्रश्न थे ।हर काम को बडे प्रेम से करवाती थी ओर जहा हमे नही आती थी कोई चिज समझ मे वहा हमे बडे सरल तरीके से बताती भी थी यही उनका व्यवहार ओर स्वभाव हर समय याद रहेगा ।वही श्रीमती डावर ने अपने इस सम्मान के बाद समस्त शाला के शिक्षक ओर शिक्षिकाओ का आभार मानते हुऐ बच्चो का होसला बढाते हुए कहा की आप लोगो का स्नेह अपने साथ लेकर जा रही हु ओर आपसे यही कहना चाहती हू आप सभी बच्चे मन लगाकर पढाई करे अपने शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान करे ओर उन्होने जो आपको पढाया है उसको अपने दिमाग मे उतारे ताकी आपको बाद मे परेशानी ना हो हर शिक्षक का सपना होता हे की उसके पास से पढकर निकला विधार्थी बहुत उचे मकाम पर जाए ताकी आपके परिवार के साथ जिस टीचर ने आपको पढाया है उसका भी गौरव बड़े ।इस दौरान छगनसिह अनारे,मानसिह अनारे,श्रीमती संगीता कटारे, कला अनारे,प्रमिला अनारे,प्रभु सिसोदिया आदि उपस्थित थे

## पुलिस कप्तान के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान

**मांडू** ।पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की। धार पुलिस




अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में पर्यटन नगरी माडू मैं यहां आने वाले पर्यटक और नगर वासियों को नशे के सामाजिक आर्थिक और पारिवारिक दुष्प्रभाव बताते हुए नशे को तिलांजलि देने की समझाइए दी। यहां मांडू थाना प्रभारी राम सिंह राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस दल द्वारा हाथ में बैनर लेकर नशे के खिलाफ नारे लगाते हुए यहां आने वाले पर्यटकों और नागरिकों को नशे के कारण होने वाले नुकसान से अवगत कराया। मांडू के बंदर बावड़ी क्षेत्र में मांडू पुलिस ने पहुंचकर वहां युवा, बुजुर्ग और महिलाओं से चर्चा की ।थाना प्रभारी राम सिंह राठौड़ ने कहा कि नशा करना एक सामाजिक बुराई है।इसको हमें जड़ से खत्म करना है आज का युवा जो नशे की लत से अपने युवा भविष्य को अंधकार में डुबो रहा है युवा हमारे देश का भविष्य है साथ ही उन्होंने बताया कि मांडू में जो अवैध गतिविधियां पर हमारी सख्त नजर रहेगी दोषियों पर कार्रवाई की जावेगी नशा मुक्ति हमारा कस्बा हो इस हेतु हम अथक प्रयास करेंगे सार्वजनिक जगह पर धूम्रपान वर्जित है सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी मांडू पर्यटन स्थल है इस हेतु हमारा अथक प्रयास रहेगा की आने वाले पर्यटकों को और गांव के नागरिकों को स्वच्छ और सुंदर मांडव की छवि दिखे इस हेतु हम प्रयासरत रहेंगे इस अवसर पर रैली निकालकर नशा मुक्ति अभियान के तहत एक आयोजन किया गया जिसमें थाना प्रभारी सहित मांडव थाने की पूरी टीम शहीद गांव के भी कुछ नागरिक काफी संख्या में मौजूद रहे.

ِ10

# मांडू की हसीन वादियों में रिमझिम बारिश और कोहरे के साथ सैलानियों ने किया नृत्य

## हजारों की संख्या में सैलानी मांडू पहुंचे रिमझिम बारिश और कोहरे का लिया आनंद

**मांडू** ।यूं तो ऐतिहासिक पर्यटन नगरी आनंद की नगरी के नाम से जानी जाती है बारिश के दिनों में कोहरे और रिमझिम बारिश मांडू के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को चार चांद लगता है राजा महाराजाओं की पर्यटन नगरी मांडू जहां इस समय हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं गगनचुंबी इमारत अपने आप में अपने इतिहास को अपनी जुबासे बयां करते हैं ऊंचाई में बसी शादियानबाद की नगरी मांडू जहां पर्यटक काफी संख्या में पहुंच रहे हैं ऐतिहासिक रानी रूपमती का महल जहाज महल हिंडोला महल शाही महल साथ ही मन को मोहने वाली भगवान राम भाई लक्ष्मण और माता सीता के अद्भुत दर्शन वह भी चतुर्भुज के रूप में ऐसे धार्मिक और ऐतिहासिक संगम को मांडव के नाम से जाना जाता है श्रावण मास



के पावन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु नीलकंठ महादेव मंदिर और मनकेश्वर महादेव मंदिर जो की मार्कंडेय ऋषि ने अपनी तपस्या के लिए बनाया था हजारों की संख्या में सैलानी दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं

सैलानियों की अधिक संख्या के कारण शनिवार रविवार को काफी जान की स्थिति बन जाती है इसी कारण सैलानी पर्यटन स्थलों को नहीं देख पाते है हेतु स्थानीय प्रशासन एवं जिला प्रशासन को शक्ति से काम लेना पड़ेगामांडू. ऐतिहासिक पर्यटन नगरी मांडू की हसीन वादियां इन दिनों सैलानियों सराबोर है। रविवार को सुहावना मौसम के बीच पर्यटन का आनंद लेने के लिए यहां 20 हज़ार से भी ज्यादा सैलानी भ्रमण करने पहुंचे। पर्यटकों ने रिमझिम फुहारों के बीच यहां भ्रमण कर परिवार के साथ फोटोग्राफी की। घने कोहरे की चादर ओढ़ ऐतिहासिक महल खूबसूरत नजर आ रहे थे। ऐतिहासिक रानी रूपमती महल, जहाज महल और नीलकंठ महादेव मंदिर पर सैलानियों की सबसे ज्यादा भीड़ रही। यहां मांडू घाट क्षेत्र और रूपमती महल पर दिन भर यातायात जाम की स्थिति रही। जिसके कारणसैलानियों को परेशान परेशान होना पड़ा।





# सोमवार को अमका झमका से कावड़ यात्रा

### राम रामेश्वर मंदिर पर जलअभिषेक

**सरदारपुर** ।जो की चिंताजनक विषय है जबकि मीडिया को कार्यक्रम की अनुमति लेने के बाद भी सुरक्षा नहीं तो आम आदमी कैसे होगा सुरक्षित युवाओं द्वारा कावड़ कंधे पर उठाकर जय श्री महाकाल एवं बोल बम बम बम के जय करो के साथ चले रास्ते भर



सोमवार को महाकाल के आशीर्वाद से मौसम ठंडा था एवं रिमझिम बारिश के साथ चलते रहे युवा इस वर्ष भी भक्ति एवं आराधना के पवित्र पावन श्रावण मास के प्रथम सोमवार को बोल बम भव्य पुरुष कावड़ यात्रा अमका झमका माता मंदिर अमझेरा से दसाई राम रामेश्वर मंदिर तक निकाली गई यह कावड़ यात्रा युवा प्रेस क्लब दसाई के द्वारा निकाली गई बताया जाता है की कावड़ यात्रा का यह दूसरा वर्ष था इस कावड़ यात्रा में विशेष आकर्षण डीजे ,ढोल , भोलेनाथ की झांकी रही

जिसमें कमेटी द्वारा व रास्ते में ग्रामीण के द्वारा कांवड़ियों के लिए फरियाली के रूप में खिचड़ी चाय पानी साथ ही फल फरूट आदि की व्यवस्था की गई थी। साथ ही सभी कावड़ियों व सहयोग करता का युवा प्रेस क्लब दसाई के अध्यक्ष मनीष चौधरी के द्वारा आभार व्यक्त किया है




# गंधवानी में नशे के खिलाफ निकाली यात्रा, शपथ भी दिलवाई

**गंधवानी निप्र** नशे में कई प्रकार की बुराइयां है इससे कोई फायदा नहीं होता उल्टा नुकसान ही होता है थोड़ी देर के फायदे के लिए लोग नशा करते हैं लेकिन बाद में उसके दुष्परिणाम बहुत गंभीर होते हैं कई लोगों का परिवार बिगड़ जाता है शरीर खत्म हो जाता और नशा उतरता है तब सारी चीजों का एहसास होता है इसलिए इसे दूर रहने में ही फायदा है उक्त बातें गंधवानी में मध्य प्रदेश पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूर अभियान के अंतर्गत हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी प्रवीण ठाकरे ने स्कूली बच्चों और नागरिकों से कहीं गंधवानी नगर में इस अभियान में एक पैदल मार्च भी प्रमुख मार्गो से निकाला था जिसमें गंधवानी के संदीपनी स्कूल के छात्र-छात्रा गायत्री शक्तिपीठ के लोग तथा सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग शामिल हुए थे।

शिवालय पर नशे के खिलाफ हुए कार्यक्रम को कई लोगों ने संबोधित किया । इस मौके पर गायत्री शक्तिपीठ के प्रकाश चौहान सामाजिक कार्यकर्ता राकेश मोटसरा मंडल अध्यक्ष मोहन मूलेवा रमेश राठौड़ मांगीलाल शर्मा रमेश चंद्र व्यास दीपक पांडे सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश सिंगार दयाराम मुवेल हरिओम मालवीय पीहू गुप्ता चंदा पाटीदार पूजा मालवीय मीडिया के गौरव बर्फा सहित कई पुलिस कर्मी और अन्य लोग मौजूद थे.

## सिर्वी महासभा मप्र का नवगठन 17 जुलाई को, प्रांतीय अध्यक्ष चयन हेतु बैठक झापड़ी में

**मनावर।** अखिल भारतीय सिर्वी महासभा मध्यप्रदेश के नवगठन की प्रक्रिया के अंतर्गत प्रांतीय अध्यक्ष पद हेतु चयन एवं मनोनयन सभा का आयोजन 17 जुलाई गुरुवार को दोपहर 12-15 बजे से ग्राम झापड़ी (तह. मनावर, जिला धार) स्थित सिर्वी समाज मांगलिक भवन में होगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेशभर के चयनित जिलाध्यक्ष, प्रदेश प्रतिनिधिगण, निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष एवं प्रांतीय केंद्रीय समिति के सदस्यगण आमंत्रित किए गए हैं। सभा का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक एकता, सेवा, समर्पण और विश्वास को सुदृढ़ करना है। बैठक की पर्यवेक्षक भूमिका में श्री मोहन भायल (अजंदा) एवं श्री वर्दीचंद चोयल (अमोदिया) उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में सीए भगवान लच्छेटा (इंदौर) के मार्गदर्शन में यह प्रक्रिया संपन्न होगी। यह आयोजन सिर्वी समाज की सुदृढ़ लोकतांत्रिक परंपरा एवं अनुशासित संगठनात्मक कार्यप्रणाली का परिचायक माना जा रहा है। उक्त जानकारी चुनाव पर्यवेक्षक सहयोगी मोहन बर्फा कोणदा ने दी।

# मांडू में जुटेंगे 66 विधायक, मानसून सत्र को लेकर कांग्रेस की रणनीति तैयार

**मध्यप्रदेश कांग्रेस के विधायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 21 जुलाई से मांडू में**

नवभारत न्यूज

**मांडू । भाजपा की तर्ज पर कांग्रेस भी अपने वर्तमान विधायकों को ट्रेनिंग देगी। मध्य प्रदेश कांग्रेस के 66 विधायक ऐतिहासिक पर्यटन नगरी मांडू में होने जा रहे प्रशिक्षण शिविर में शिरकत करेंगे। आयोजन मांडू के एक निजी रिजॉर्ट मैं 21 एवम 22 जुलाई को होने वाला है। इसमें विधायकों के साथ मध्य प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।**

दरअसल मांडू में फिलहाल मौसम खुशनुमा और सर्द है पर आने वाले कुछ दिनों में यहां राजनेतिक सरगर्मियां तेज होने वाली है। इस प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सक्रिय हो गए हैं और मांडू में उनका आवागमन बना हुआ है। बताया जा रहा है कि इस महत्वपूर्ण शिविर में कांग्रेस आने वाले दिनों के लिए बड़े स्तर पर रणनीति बनाने के लिए जुट रही है। हालांकि अभी यह साफ नहीं हो पाया है की राज्य और राष्ट्रीय स्तर के कौन-कौन से नेता इस शिविर का हिस्सा बनेंगे। शिविर को सफल बनाने के लिए मध्यप्रदेश के कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी नेता प्रतिपक्ष मध्य प्रदेश शासन उमंग सिंगार मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी मेहनत में लगे हुए हैं।

### मानसून सत्र की रणनीति होगी तैयार

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विधायकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आने वाले मानसून सत्र में सरकार को घेरने के लिए विधायकों को समझाइस दी जाएगी। मानसून सत्र में किन मुद्दों को उठाना है उसे लेकर भी रणनीति तैयार होगी। कांग्रेस अपने विधायकों को पूरी तरह तैयार करने के लिए प्रशिक्षण देगी। इसके साथ आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपना जन आधार कैसे बढ़ाए इसे लेकर विस्तृत प्लान तैयार होगा।

### मध्य प्रदेश का बड़ा राजनेतिक केंद्र रहा है मांडू

दरअसल मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक पर्यटन नगरी मांडू मध्य प्रदेश का बड़ा राजनेतिक केंद्र रही है। कांग्रेस ने पिछले तीन दशक में यहां सरकार में रहते और विपक्ष में रहने के दौरान बड़े आयोजन किए है। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने बाबूलाल गौर के मुख्यमंत्री रहते हैं यहां मंत्रिमंडल का वर्ग भी आयोजित किया था। विधानसभा चुनाव 2023 के पहले भारतीय जनता पार्टी ने मांडू में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग लगाकर चुनाव की रणनीति यही बनाई थी। कांग्रेस की दिग्विजय सिंह सरकार ने अपना घोषणा पत्र तैयार करने के लिए यहां पर शिविर का आयोजन किया था। मांडू मध्य प्रदेश के राजनीति का बड़ा केंद्र हमेशा से ही रहा है।

### संगठन नव सृजन अभियान पर होगी चर्चा

मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों देश भर में चल रहे कांग्रेस के संगठन नवसृजन अभियान को लेकर भी चर्चा होगी। इस अभियान को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कड़े निर्देश दे चुके हैं। मध्य प्रदेश में इस अभियान को गति देने और सफल बनाने के लिए भी चर्चा होगी और आगामी योजना बनाई जाएगी। इसके साथ गरीब, मजदूर, किसान वर्ग, महिला सुरक्षा, अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस सरकार को घेरने की तैयारी मांडू मैं करेगी।

**एक नजर** नशा हमारी जिंदगी ही नही हमारा पूरा घर बर्बाद करती है : टीआई चौहान

# बाइक रैली निकालकर नशे से दूरी, है जरूरी का संदेश दिया

**बाग//धार.** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संपूर्ण प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 15 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के शुभारंभ अवसर पर पुलिस थाना बाग द्वारा संपूर्ण कस्बा बाग में बाइक रैली निकालकर आम जनता को यह संदेश दिया कि *卐नशे से दूरी, है जरूरी।卐* अंत में विजय स्तंभ चौराहे पर नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह हुआ जिसमें नगर के वरिष्ठ नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए। थाना प्रभारी कैलाश चौहान के द्वारा आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, साथ ही इससे परिवार एवं संपूर्ण समाज को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। नशा हमारी जिंदगी तो खराब करता ही साथ मे हमारा पुरा परिवार भी बरबाद होता है , तम्बाकू बीडी सिगरेट,अफीम,गाजा,चरस




ये सब सेवन करना इससे कही प्रकार की बिमारीया भी हमारे शरीर मे घर कर जाती है ।जिसका उपचार कराते कराते हमारा परिवार पुरा परेशान हो जाता हे आर्थिक स्तिथी हमारी खराब हो जाती है ।इसलिए इन चिजो हमे बहुत दूर रहना चाहिए ।साथ ही एक नशा ओर इन दिनो युवाओ ओर बच्चो मे चढ़कर रहा हे वह हे मोबाइल का नशा दीनभर हम मोबाइल मे लगे रहते हे उसके बावजूद भी देर रात तक उसे चलाने से हमारी आखो पर इसका बुरा असर पडता है ।ओर उसमे गलत चीजों को हम देखते हे ।वो भी गलत है उससे फिर हमारी आदते बिगडती है । इसलिए मोबाइल को भी जरुरत के हिसाब से चलाओ क्योकी इसका नशा भी हमारे लिए अच्छा नही है यह बाईक रेली विजय स्तंभ चौराहे से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से निकली ओर जनता को नशे से दूरी के लिए जागरुक किया । कार्यक्रम में थाना प्रभारी सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा । शपथ वाचन प्रधान आरक्षक सखाराम गोखले द्वारा किया गया।